<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>02.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- नौ दिवसीय शिमला विंटर कार्निवाल धूमधाम से संपन्न–राज्यपाल ने किया युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–एमएसएमई फेस्ट से प्रदेश में उद्यमिता क्षेत्र को मिलेगा प्रोत्साहन
- चंबा जिला में नशा छोड़ चुके लोग नशामुक्त भारत अभियान में बनेंगे ड्रग चैपिंयनस
- प्रदेश में बीते रोज हुई हल्की बर्फबारी व वर्षा से शीतलहर बढ़ी–अगले कुछ दिनों तक मौसम रहेगा साफ।

<u>विंटर कार्निवाल</u>

शिमला विंटर कार्निवाल बीती रात धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की। राज्यपाल ने इस मौके पर युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान किया। विंटर कार्निवाल के दौरान जहां वालीबुड के कलाकारों ने क्रिसमस से लेकर नववर्ष के आगमन तक शिमला में हजारों की संख्या में पहुंचे पर्यटकों व स्थानीय लोगों का मनोरंजन किया, वहीं इस दौरान लोगों को हिमाचली संस्कृति और खानपान से रूबरू होने का भी मौका मिला। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजधानी शिमला में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित होने जा रहे एमएसएमई फेस्ट–2026 से प्रदेश में उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि ये फेस्ट प्रदेश के लघु, शूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टॉर्टटप के सपनों को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई फेस्ट पहाडों का हूनर–अब वैश्विक मंच पर–थीम से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के दौरान स्टार्टअप अवार्ड, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन होगा, जिसके माध्यम से प्रदेश की लोककलाओं और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया जाएगा। इस बीच उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि एमएसएमई फेस्ट–2026 में तीन दिनों तक फैक्टिरी आउटलैट और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि

उद्योग विभाग द्वारा ग्रीन मोबिलिटी, फार्मा उद्योग, डेयरी, फूड प्रोसैसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंश, इलैक्ट्रिानिक चिप जेसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

एनएचएआई – केवाईवी काड्र्स

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि पहली फरवरी से सभी नए फास्टैग जारी करने के लिए कारों के नो योर व्हीकल–के.वाई.वी. कार्ड बंद कर दिए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि यह कदम राजमार्गों से आने जाने वाले लोगों की सुविधा और फास्टैग एक्टिवेशन के बाद होने वाली परेशानी को खत्म करने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि केवल शिकायत वाले विशेष मामलों में ही के.वाई.वी कार्ड आवश्यक होगा। अगर कोई शिकायत नहीं मिलती है तो मौजूदा कार फास्टैग के लिए के.वाई.वी. कार्ड की ज़रूरत नहीं होगी।

अटल स्मृति

प्रदेश भाजपा महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की देश व प्रदेश को सबसे बड़ी देन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है। इस योजना ने ग्रामीण भारत की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। संजीव कटवाल शिमला जिला के नेरवा में आयोजित अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के अंतिम गांव को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ना अटल जीइ का सपना था, जो आज साकार होता दिखाई दे रहा है। भाजपा महामंत्री ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से देश में दो करोड़ से अधिक लखपति दीदियां बनाई गईं, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बल मिला है।

सरकार – एलपीजी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ ग्यारह रुपये की वृद्धि संबंधी मीडिया की खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण आया है। मंत्रालय ने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत बाज़ार तय करता है और यह अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क से जुड़ी हुई है।

नशामुक्त भारत

ंचंबा जिला में नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए नशा छोड़ चुके लोग जिला प्रशासन के साथ ड्रग चैंपियंनस के रूप में जुड़ेंगे। जिला प्रशासन ने ये फैसला इसलिए लिया है ताकि नशा माफिया से जुड़े लोगों पर और अधिक कारगर ढंग से कार्रवाई की जा सके।

मौसम

प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में बीते रोज हुई हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में वर्षा से प्रदेश में तापमान में जोरदार गिरावट आई है और शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग के

अनुसार ताजा वर्षा व बर्फबारी से न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने कहा कि 3 जनवरी से मौसम के पूरी तरह साफ रहने की संभावना है और इस दौरान शीतलहर बढ़ेगी। विभाग ने राज्य के छह जिलों उना, शिमला, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सोलन में 3 जनवरी से शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

आज समाचार पत्रों ने ताजा हिमपात से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–डल्हौजी, शिकारी देवी, त्रियुंड में सीजन का पहला हिमपात, शिमला–कुफरी में गिरे फाहे। पंजाब केसरी के शब्द हैं–मैदानों में वर्षा, कुफरी व मनाली सहित चोटियों पर हिमपात। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–बारिश–बर्फबारी की सौगात लाया नया साल। दैनिक भास्कर लिखता है–नए साल की पहली सुबह बर्फीली, चोटियों पर बर्फबारी, मैदानों में बारिश। दैनिक जागरण का कहना है–तीन माह के सूखे पर राहत की बूंदें। हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–सुक्खू सरकार के मंत्रियों को मिलेगी कर्मचारी तबादलों की छूट। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–कुल्लू में नए साल का जश्न मनाकर लौटते समय कार दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत।

<u>अंत में मुख्य समाचार</u>

- _नौ दिवसीय शिमला विंटर कार्निवाल धूमधाम से संपन्न–राज्यपाल ने किया युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक् खू ने कहा–एमएसएमई फेस्ट से प्रदेश में उद्यमिता क्षेत्र को मिलेगा प्रोत्साहन
- चंबा जिला में नशा छोड़ चुके लोग नशामुक्त भारत अभियान में बनेंगे ड्रग चैपिंयनस
- प्रदेश में बीते रोज हुई हल्की बर्फबारी व वर्षा से शीतलहर बढ़ी–अगले कुछ दिनों तक मौसम रहेगा साफ।

<u>धर्माणी</u>

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद तीन वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया है। राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने घुमारवीं में सार्वजनिक निजी सहभागिता मॉडल के तहत मल्टीडिसीप्लिनरी इंस्टीच्यूट ऑफ इनोवेशन, स्किल, टैक्नॉलाजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड रिसर्च विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस विश्वविद्यालय के स्थापित हो जाने पर प्रदेश के युवाओं को नवाचार, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में गुणवतापूर्ण अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अगले शैक्षणिक सत्र से कुछ विषयों की कक्षाएं प्रारभं कर दी जाएंगी।